भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का... पृष्ठ 2 | सर्वसम्मति से प्रियंक सोनीको बुंदेलखंडी... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

सोमवार, 21 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 271, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

स्किल इंडिया मिशन ने देश की तस्वीर बदली, अब छत्तीसगढ़ बना रहा है नया इतिहास : मुख्यमंत्री साय

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि च्छम विकसित भारतङ्घविकसित छत्तीसगढ़ज्ज् के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर कार्यरत हैं, और इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। मुख्यमंत्री श्री साय आज भिलाई स्थित रूंगटा यूनिवर्सिटी में आयोजित विश्व युवा कौशल उत्सव 2025 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आयोजन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज किया जाएगा। गोल्ड बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम ने 8183 प्रतिभागियों को एक सप्ताह के भीतर दिए गए प्रशिक्षण को प्रमाणित किया है और संस्थान को इसका प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने रूंगटा यूनिवर्सिटी प्रबंधन को इस नि:शुल्क और अभूतपूर्व आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं दक्ष बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भिलाई को इस्पात नगरी के साथ-साथ मिनी इंडिया भी कहा जाता है और शिक्षा के क्षेत्र में रूंगटा यूनिवर्सिटी का योगदान अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने विगत 25 वर्षों में प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और इस वर्ष को हम राज्य की रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में उच्च शिक्षा संस्थानों का विस्तार हुआ और वर्तमान में राज्य में 15 मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी, सिपेट, एम्स, और लॉ यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में राज्य सरकार ने समान रूप से उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। बीते डेढ़ वर्षों में सुशासन की स्थापना के लिए ठोस प्रयास हुए हैं। शासन को पारदर्शी बनाने हेतु अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन की गई हैं, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है और राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध प्रदेश है और इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्किल इंडिया मिशन की शुरुआत की थी। जब यह मिशन प्रारंभ हुआ था, भारत विश्व की 10वीं अर्थव्यवस्था था — और आज, केवल एक दशक में भारत चौथे स्थान पर पहुँच चुका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मेगा प्लेसमेंट कैंप्स के माध्यम से नियोक्ताओं और प्रशिक्षित युवाओं के बीच संतुलन स्थापित हुआ है। यह कार्य डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि यह योजना युवाओं के लिए अनुभव के साथ-साथ आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान कर रही है, जिससे उनके लिए संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति में युवाओं के लिए विशेष अवसर सुनिश्चित किए गए हैं। एक हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को अनुदान देने का प्रावधान है। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त रियायतें दी गई हैं।

महाकाल की पालकी यात्रा का लाल बागेश्वर शिव मंदिर में होगा समापन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पावन सावन मास के दुसरे सोमवार को श्री महाकाल सेना के पावन सानिध्य में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी का नगर भ्रमण क्लब चौक से बसंतपुर चौंक, कमला कालेज चौंक होते प्रभात नगर, जगन्नाथ मंदिर होते हुए हेमू कल्याणी नगर के लालबागेश्वर धाम शिव मंदिर में समापन होगा। शिव सेवा मंडल के भक्त आवतराम तेजवानी ने बताया कि समाज द्वारा पालकी यात्रा का हेमू कॉलोनी चौक में भव्य स्वागत होगा एवं महाप्रसादी की व्यवस्था सिंधु भवन में रख गई है । इस अवसर पर विशेष रूप से बाबा अमरनाथ का बर्फीले शिवलिंग के दर्शन भी होंगे एवं लालबागेश्वर शिव उद्यान मैं वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है ।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे शामिल

पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव हरीश मोटलानी एवं राजस्व चेयरमैन एवं पार्षद राजा मखीजा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सुबह 8 बजे लालबागेश्वर धाम पहुंचकर गली नंबर पांच स्थित शिव मंदिर में शिवबाबा के अमरनाथ रूप का दर्शन करेंगे। शिव शिव मंडल के संजय तेजवानी ने सभी शिव भक्तों को सभी कार्यक्रम में उपस्थिति का आव्हान किया है। यह जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार डूलानी ने दी है।

डॉक्टर की लापरवाही से गर्भ में ही हुई शिशु की मौत - परिजन ने लगाया आरोप

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की लापरवाही का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस व स्वस्थ्य अधिकारी को भी की है द्य मामला एक दिन पूर्व का बताया जा रहा है जहां डिंपल भारद्वाज निवासी बंशी बंजारी को इलाज के लिए जो की गर्भवती महिला थी उसे दर्द उठने पर जिसके दौरान इलाज के लिए और डिलीवरी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव लाया गया द्य इसके बाद डोंगरगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात डिलीवरी का प्रयास किया गया जिसमें लापरवाही बरतने और मैरिज व उनके परिजनों से दुर्व्यवहार करने का शिकायत परिजनों ने किया है द्य शिकायत में उन्होंने पुलिस, एसडीएम डोंगरगांव, बीएमओ रागनी चंद्र और वही जिला चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की है द्य जिसमें बताया गया है की डिलीवरी के दौरान डॉक्टर ने लापरवाही बरती और मरिज डिंपल भारद्वाज का ऑपरेशन करने के लिए चीरा लगाया गया और उसके पेट में को दबाया इसके बाद डॉक्टर ने उन्हें केस बिगड़ने पर रेफर कर राजनांदगांव भेज दिया गया जहां दीनदयाल भारद्वाज ने बताया की रेफर के पश्चात राजनंदगांव के निजी अस्पताल में उनका इलाज कराया गया मरीज डिंपल की डिलीवरी कराई गई जहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्चा की मौत पेट में ही हो चुकी थी, और जब बच्चे को निकाला गया तो पाया कि बच्चों के पैर में चीरा लगा हुआ है जिसके कारण मां और बच्चे दोनों का खून बहने से बच्चों की मौत हो गई है इसी कड़ी में दीनदयाल भारद्वाज ने बताया कि जब डोंगरगांव से राजनांदगांव रेफर किया गया तब अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मरिज का बहुत सा खून बह गया है जिसके कारण भी मरीज की हालत नाजुक बनी हुई थी और वही चिरा करने के दौरान टांका ठीक से नहीं लगाया गया था द्य जिसके कारण रास्ते में खून बह रहा था इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बीएमओ डा ,रागनी चंद्र ने बताया की मैं उसे वक्त राजनांदगांव दौरे पर थी पर हमारे यहां डॉक्टर के द्वारा डिलीवरी करने और स्वस्थ बच्चा निकालने का भरपूर प्रयास किया गया है इसके बाद रेफर किया गया बच्चों की मौत की खबर मुझे मीडिया और परिजनों की शिकायत के बाद लगी है मैं इस पर जांच कर निष्कर्ष बता पाऊंगी।

अल्प बचत अभिकर्ताओं ने अपनी समस्या के निराकरण हेतु सांसद को मांग पत्र सौंपा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ, भारत, जिला शाखा राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ताओं के समस्याओं के निराकरण के संबंध में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे जी को उनके कार्यालय में समक्ष भेंट कर मांग पत्र सौंपा गया । यह मांग पत्र राष्ट्रीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अल्प बचत अभिकर्ताओं के समस्याओं के निराकरण हेतु सौंपा गया, जिस पर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे द्वारा संवेदनशीलता से विचार करते हुए आश्वस्त किया गया कि प्रस्तुत मांग पत्र समुचित कार्यवाही हेतु भारत शासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा । इस मांग पत्र को प्रस्तुत करने हेतु संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती जमुना देवी साहू, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण पवार तथा पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील बाजपेई जी के संयुक्त नेतृत्व में राजनांदगांव जिले के अभिकर्ता साथीगण क्रमश: नरेश यादव, धनीराम मटाले, कृष्ण देवांगन, योगेश गहरवार, आशीष सूरे, सुरेंद्र शुक्ला, राजू खान, सुरेश सोनी, रामकुमार देवांगन, श्री चौहान, एवं अन्य साथी गण उपस्थित रहे । मांग पत्र में मुख्य रूप से अभिकर्ताओं द्वारा अल्प बचत योजनाओं में 1 दिसंबर 2011 के पश्चात वित्त मंत्रालय द्वारा कमीशन में कटौती एवं कुछ योजनाओं में कमीशन समाप्त किए जाने के संबंध में, प्रत्येक 3 वर्ष में एजेंसी के नवीनीकरण हेतु पुलिस से चरित्र सत्यापन की अनिवार्यता के सम्बन्ध मे , एजेंसी नियमावली में डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था लागू करने के संबंध में एवं केंद्र सरकार के माध्यम से एक नई कमेटी के गठन एवं एजेंसी नियमावली के समीक्षा के संबंध में अपनी मांगों को रखते हुए सांसद के माध्यम से समुचित निराकरण हेतु अनुरोध किया है ।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह शोक सांत्वना व्यक्त करने लालबाग पहुंचे

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आज अपने तय कार्यक्रम के तहत संध्या 7:30 बजे स्वीकर हाउस पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद रात्रि 8:00 बजे सीधे लालबाग स्थित संजय बहादुर एवं सावन बहादुर सिंह की माता जी स्व अन्नपूर्णा देवी सिंह के दुखद निधन पर उनके निवास पहुंचे। जहां उन्होंने गमगीन परिवार से भेंट कर उन्हें शोक सांत्वना प्रकट की। तत्पश्चात डॉक्टर रमन सिंह वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास की धर्मपत्नी सेवानिवृत शिक्षिका अलका व्यास के दुखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने व्यास जी के घर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पहुंचे जहां उन्होंने अलका व्यास के तेलचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सचिन कपेल, अशोक चौधरी,सुमित भटिया, गोलू प्रशांत गुप्ता, युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह,राजा माखीजा, प्रखर श्रीवास्तव, इत्यादि नेता साथ में उपस्थित थे।

एक तरफ विरोध में प्रदर्शन तो दूसरी तरफ मतदान

पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, मतदाताओं में दिखा उत्साह, 95 प्रतिशत हुई वोटिंग, संरक्षण श्रेणी का परिणाम सबसे पहलें आएगा.

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। रविवार को धर्मनगरी डोंगरगढ़ पुलिस छावनी में तब्दील हो गई और छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के द्वारा हाईस्कूल में मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के खिलाफ में विरोध दर्ज करते एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने के बाद भी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते मतदान कार्य में कोई विघ्न नहीं पड़ा और ट्रस्ट चुनाव का मतदान कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। वही दूसरी ओर सर्व आदिवासी समाज के लोग हाईस्कूल में 12 बजे से शाम 5 बजे तक मंच के माध्यम से ट्रस्ट समिति में समाज की हिस्सेदारी की मांग को लेकर शासन प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस दौरान डोंगरगढ़ के हर चौक चौराहों से लेकर सभी मुख्य मार्गो पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। वहीं 15 नए ट्रस्टी के लिए रविवार को मतदान हुआ। सुबह 7 बजें से वोटिंग शुरु हुई लेकिन बारिश ने शुरुआत धीमी कर दी। बारिश थमनें के बाद 12 बजें से मतदाता बड़ी संख्या में बूथ पहुंचें और मतदान करनें जमकर उत्साह दिखाया। शाम 4 बजें के बाद कतार में खड़े मतदाताओं को टोकन दे दिया गया। हालांकि निर्धारित समय तक अधिकतर मतदाताओं ने मतदान कर दिए थे। तीनों श्रेणी के ओवर ऑल वोटिंग प्रतिशत की बात करें तो 95 प्रतिशत मतदान हुआ। दो श्रेणी संरक्षक में 94.06 प्रतिशत व साधारण श्रेणी में 95.31 प्रतिशत मत पड़े। जबकि आजीवन श्रेणी में 90.95 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद मतपेटियों को सील करके नीचे मंदिर परिसर के स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व पुलिस जवानों की सुरक्षा में रखा गया है। अब सोमवार सुबह 7 बजें वोटों की गिनती शुरु होगी। सबसे पहलें संरक्षक श्रेणी के परिणाम आएंगे। इसके बाद शाम तक आजीवन श्रेणी के परिणामों की घोषणा हो जाएगी। सबसे अंत में देर रात तक साधारण श्रेणी का रिजल्ट आएगा। ट्रस्ट चुनाव के परिणाम पर अब सबकी नजर टिकी हुई है।

इस तरह से तीनों श्रेणी में पड़े मत- संरक्षक श्रेणी में कुल 522 मतदाताओं में से 491 लोगों ने अपनें मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी तरह आजीवन श्रेणी में कुल 884 मतदाताओं में से 804 लोगों ने वोट डालें। जबकि साधारण श्रेणी में सबसे अधिक 1537 मतदाता है, जिनमें से 1465 लोगों ने वोट डालकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। वोटिंग करनें में महिला वोटर्स भी पीछे नहीं थी। दोनों श्रेणी के परिणाम के बाद साधारण श्रेणी के उम्मीदवार निर्णायक भूमिका में- दोपहर तक संरक्षक श्रेणी व शाम तक 12 ट्रस्टी चुनकर आ जाएंगे। अब तक हुए ट्रस्ट के चुनाव में दोनों श्रेणी पर पक्ष-विपक्ष के एक-एक पैनल भारी पड़तें रहे है। जबकि ट्रस्ट में सरकार बनानें के लिए साधारण श्रेणी से चुनकर आनें वालें ट्रस्टी निर्णायक की भूमिका में रहतें है। इसलिए दोनों श्रेणी के परिणाम आनें के बाद भी देर रात तक स्थिति साफ नहीं होनें से मतदाताओं की नजर अंत के रिजल्ट पर ही टिकी रहेगी। साधारण श्रेणी के ट्रस्टी ही निर्णायक भूमिका में रहेंगे। तीन पद और नौ उम्मीदवार मैदान में, समीकरण किसी के भी पक्ष में- साधारण श्रेणी में इस बार सबसे अधिक घमासान मची हुई है। तीन पद के लिए नौ उम्मीदवार मैदान में है। इनमें छह प्रत्याशी पैनल से तो तीन प्रत्याशी निर्दलीय के रूप में भाग्य आजमा रहे है। पद कम और प्रत्याशी अधिक होनें से समीकरण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, इसलिए मतदाताओं का मूड उम्मीदवार समझ नहीं पाएं। 34 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मत पेटी में कैद- ट्रस्ट चुनाव में इस बार तीनों श्रेणी से 34 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें संरक्षक श्रेणी से 14 उम्मीदवार है। जिसमें मनोज अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, अशोक चावड़ा, योगेश अग्रवाल, शिवकुमार शर्मा, अनिल गट्टानी, नारायण अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, गोविंद चोपड़ा, संजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, हरीश भंडारी, विनोद तिवारी शामिल है। वहीं आजीवन श्रेणी से पीतांबर स्वामी, महेंद्र परिहार, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, रघुवर अग्रवाल, देवेंद्र मिश्रा, सोनकुमार सिन्हा, संजय यादव, क्रांति टम्मी नामदेव चुनाव लड़ रहे है। साथ ही साधारण श्रेणी से बबलू शांडिल्य, गीतम चोपड़ा, संजीव गोमास्ता, अशोक साहू, सुमित पोद्दार, दीपक चंदाराणा, कौतुभ गुप्ता, आशीष अग्रवाल व महेश तिवारी के भाग्य का फैसला मत पेटी में कैद हो गया है। जिसका फैसला सोमवार रात तक आएगा।

भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का आर्थिक नाकाबंदी-चक्काजाम 22 जुलाई को

प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर शहर व जिला कांग्रेस की बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग में आर्थिक नाकेबंदी- चक्काजाम पर बनी रणनीति

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं पर द्वेषपूर्ण राजनीति करते हुए लगातार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमार कार्यवाही करते हुए उनके परिवार के खिलाफ की गई कार्यवाही, विपक्ष को जानबूझकर बदनाम किए जाने के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर 22 जुलाई को पूरे प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रमुख मार्गो पर आर्थिक नाकाबंदी-चक्काजाम किया जा रहा हैं। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा अतिआवश्यक बैठक लेकर आर्थिक नाकाबंदी चक्काजाम करने का निर्णय लिया है।

चक्काजाम को सफल बनाने कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता जुटें

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश की भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला, प्रदेश के खनिज संपदाओं का लगातार दोहन किया जा रहा है, मामला उजागर होने पर भाजपा सरकार घबराकर ईडी को सामने रखकर कांग्रेस नेताओं पर लगातार कार्यवाही कर डराया व धमकाया जा रहा है। उक्त जनहित मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर आगामी 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया जा रहा है। जिसको लेकर शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में 20 जुलाई रविवार को सतनाम भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में अतिआवश्यक बैठक लेकर आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम को सफल बनाने के संबंध में जिम्मेदारियां बांटी गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार इस चक्काजाम में स्कूली बस और एंबुलेंस को मुक्त रखा जाएगा। बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूब चुकी है। उनके कार्यकाल में बलात्कार, हत्या, खनिज व रेत का अवैध उत्खनन बढ़ रहा है, बाहर से शूटर बुलाकर स्थानीय लोगों बंदूक से डराया व धमकाया जा रहा है। भाजपाईयों की दादागिरी में लगातार अवैध शराब का कारोबार बढ़ रहा है जिसके कारण युवा वर्ग शराब के लत में डूब रहे हैं, माताएं बहने असुरक्षित हो गई है। अडानी बंधुओं के लिए प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को बेच रहे है। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस विधायक दल के नेतापृतिक्ष डा.चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा लगातार भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं जिससे घबराकर केन्द्र की मोदी सरकार के निर्देश पर कांग्रेसजनों पर सीबीआई, ईडी भेजकर जबरन कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 18 जुलाई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमार कार्यवाही करते हुए उनके परिवार के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी की जा रही है। बैठक में शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी सुजीत बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश

डाकलिया, ननि प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने अपनी बाते सुझाव के माध्यम से रखी। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, विवेक वासनिक, पंकज बांधव, डा. नरेन्द्र साहू, इकरामुद्दीन सोलंकी, रमेश खंडेलवाल, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, अजय मारकंडे, चुम्मन साहू, विपिन यादव, विरेन्द्र बोरकर, संध्या साहू, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफअली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अब्दुल खान, रतन यादव, शकील रिजवी, पार्षद मुकेश साहू, अमिन हुद्दा, सतीश मसीह, मनीष गौतम, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, अशोक फड्नवीस, रज्जु जॉन, रौशनी सिन्हा, सुरेन्द्र देवांगन, गोपीचंद गायकवाड़, प्रतिमा बंजारे, संगीता साहू, मनीष सिमनकर, प्रज्ञा गुप्ता, मोहिनी सिन्हा, शैलेश ठावरे, बबलू कसार, अब्बास खान, खिलेश बंजारे, अतुल शर्मा, मो. इब्राहिम, सूरज शर्मा, चेतन सिन्हा, सागर ताम्रकार, सोनू खान, प्रकाश ठाकुर, भावेश सिन्हा, संदीप जायसवाल, उमर सिंह ठाकुर, उमेश यादव, जितेन्द्र सिन्हा, देवेन्द्र देवांगन, रामनाथ निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

माध्यमिक शाला बघेरा में डॉ. एम. सुधीश के कर कमलों से हुआ एक पेड़ मां के नाम का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मिशन लाइफ के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम 2.0 का संचालन वर्तमान में किया जा रहा है इसी कड़ी में आज दिनांक 19 जुलाई 2025 को संकुल केंद्र बघेरा के

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया । शिक्षा विभाग की ओर से किया जा रहे हैं इस पौधारोपण कार्यक्रम में राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों का आगमन हुआ । राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के सहायक संचालक डॉक्टर एम सुधीश एवं एपीसी राजकुमार चाफेकर के कर कमलों से शाला प्रांगण में पौधारोपण का कार्य संपन्न हुआ। जिला स्तर पर जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनंदगांव से जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहरे , एपीसी रफीक अंसारी, जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग के एपीसी विवेक शर्मा विकासखंड राजनांदगांव के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भगत सिंह ठाकुर ने भी पौधारोपण किया शाला के छात्रों ने भी अपनी माता के नाम से पौधे लगाए जिनमें उनकी माताओं की भी उपस्थित रही ।

इसके पूर्व भी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों द्वारा अपने घरों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें शाला के दर्ज से भी अधिक संख्या में पौधे लगाए गए इस तरह से माध्यमिक शाला बघेरा के छात्र/छात्राओं शिक्षकों एवं पालकों के द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत अच्छी तरीके से सफ्त बनाने की कोशिश की जा रही है। एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में जाम, जामुन, करंज ,गुलमोहर, अशोक के पौधे लगाए गए तत्पश्चात राज्य स्तर एवं जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा शाला का निरीक्षण किया गया जिसमें साइंस, आर्ट एवं गणित ज़रूरू कॉर्नर का निरीक्षण किया और बच्चों द्वारा बनाए गए ज़रूरू का प्रस्तुतीकरण देखा गया । बच्चों और शिक्षकों के कार्य की अत्यंत सराहना की गई। स्मार्ट क्लास ,पौधों में क्ऊ कोड एवं शाला की समस्त गतिविधियों से प्रभावित हुए । इस अवसर पर संकुल केंद्र बघेरा के संकुल समन्वयक गुफ्रान मोहम्मद सिद्दीकी शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मधुलिका विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा, सुनीता ठाकुर एवं संजीव कुमार जांगड़े के साथ ग्राम बघेरा की सरपंच ऐश्वर्या देशमुख , हायर सेकंडरी स्कूल के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्जन लाल देवांगन माध्यमिक शाला बघेरा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेमबाई साहू, उपाध्यक्ष सरिता मंडावी एवं समस्त सदस्य उपस्थित रहे साथ ही प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अलेन वर्मा, दीप्ति साहू ,हिना साहू एवं कल्पना रामटेके उपस्थित रहे।

राजपूत क्षत्रिय समाज ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के जन्मदिन पर किया भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर राजपूत क्षत्रिय समाज, पंजीयन क्रमांक 3738 कवर्धा परिक्षेत्र द्वारा शौर्य भवन में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा स्वयं समाज के बीच पहुंचे और बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियाँ साझा कीं। समारोह के मुख्य आकर्षण में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफ्लता प्राप्त करने वाले युवाओं, शासकीय सेवा में कार्यरत उत्कृष्ट सेवकों और समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

मंच से ही समाज के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा की मैं आज जो कुछ भी हूँ, समाज के संस्कारों, आशीर्वाद और सहयोग से हूँ। यह मेरा नहीं, हम सबका दायित्व है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली विरासत और मजबूत पहचान दें। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष दारा सिँह, तोप सिंह, लखन सिंह , जलेश्वर सिँह,महेश सिँह अशोक सिँह, पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष अजय सिँह, अशोक सिँह, नरेन्द्र सिँह, चारो क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज सिँह, नर्मदा सिँह, बिहारी सिँह, रामशरण सिँह, नगर अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह, नारायण सिँह, सुनील सिंह, दुर्गेश सिंह ,संतोष सिँह, रवि सिंह , अजय सिँह, मोहन सिंह, सोनू सिँह, कल्याण सिंह, रामसिंह सहित सिंह नवयुवक मण्डल, समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं टीम ने भोरमदेव मंदिर परिसर में किया स्वच्छता श्रमदान

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कवर्धा-नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता संकल्प की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए भोरमदेव मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अध्यक्ष एवं उनकी टीम ने स्वयं श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर, गलियारों, कांवरिया मार्ग एवं मंदिर के अंदरूनी हिस्सों की सफाई की।

भोरमदेव पवित्र स्थल की सफाई हम सब की जिम्मेदारी- चंद्रप्रकाश

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और लोगों को अपने धार्मिक स्थलों की सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। श्रमदान के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता का संदेश फैलाने और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की वैठक संपन्न

जिलाध्यक्ष दिलीप शर्मा के नेतृत्वमें हुआ बैठक का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। अभा उपभोक्ता उत्थान संगठन की बैठक रविवार को नेहरू नगर स्थित जलाराम रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। बैठक में उपभोक्ता से जुड़े - खाद्य सामाग्री व अन्य वस्तुओं पर चर्चा और उपभोक्ताओं को फोरम जाकर कानूनी संबंधी जानकारी दी गई। बैठक का तात्पर्य यह रहा कि उपभोक्तामो को उपभोक्ता अधिनियम व कई कानूनी प्रक्रियाओं को सार से समझाया गया।अभा उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिलाध्यक्ष दिलीप शमी ने बताया कि बैठक से पहले स्वागत अभिनंदन किया गया, जिसमें चितरंजन कुमार पर्वत राष्ट्रीय महासचिव, खुलेश वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, शैलेष चौधरी प्रदेश कोषाध्यक्ष का जोर स्वागत किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष दिलीप शमी ने इससे पहले खाद्य अधिकारियों से मिलकर उपभोक्ता को अपने अधिकार को कैसे पाएं इस सिलसिले में चर्चा की गई ।

उपभोक्ता संगठनों के साथ जुड़े

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की बैठक में उपभोक्ता अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं पर चर्चा हुई। शैलेश चौधरी प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में शामिल हुए और उपभोक्ता जागरूकता के लिए काम किया। बैठक में जिलाध्यक्ष दिलीप शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत का जोरदार स्वागत किया गया। शैलेश चौधरी एक प्रसिद्ध उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ता हैं जो भारतीय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और प्रमोशन के लिए काम करते हैं। वह उपभोक्ता संगठनों के साथ जुड़े हो सकते हैं या स्वयं उपभोक्ता जागरूकता के लिए काम कर रहे होंगे। क्या आप उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और प्रमोशन, कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी, उपभोक्ता जागरूकता के लिए काम किया। आपको उपभोक्ता अधिकारों या संगठन के बारे में अधिक जानकारी चाहिए? इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, खुलेश वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, शैलेश चौधरी प्रदेश कोषाध्यक्ष, दिलीप शर्मा जिला अध्यक्ष, अनिल कुमार साहू, देवरी प्रसौद से इंदरचंद बाफना, तरुण पटेल माला देशमुख के अलावा बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्त्ता, मीडिया के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

करमरी मिडिल स्कूल भवन जर्जर, ग्रामीणो के सहयोग से पॉलीथिन ढक कर लग रही कक्षाएं

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। छुरिया ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमरी का भवन बदहाल एवं काफी जर्जर हो चुका है। स्कूल

भवन का निर्माण सन् 1993 में हुआ था। स्कूल छत का सिलाब पूरी तरह से डैमेज हो गया है। बरसात के दिनों में पानी गिरने से छत से पानी टपकता है । ऐसे में भवन की छत पर तिरपाल ढक कर भी स्कूल का संचालन मुश्किल हो गया है। करमरी मिडिल स्कूल भवन जर्जर की जानकारी शिक्षा विभाग एवं शासन प्रशाशन को कई बार दी चुकी है फिर भी विभाग द्वारा आज तक पर्यंत कोई सुध नहीं ले रहे हैं। ग्राम पंचायत करमरी द्वारा ब्लॉक सरपंच संघ एवं करमरी के सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने पंचायत की ओर से तिरपाल (ज़िल्ली) की व्यवस्था कर बच्चों की पढ़ाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ग्रामीणजनों ने ज़िला प्रशासन से शीघ्र ही जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत करने की मांग की गई है।

सप्ताह के सितारे (21 जुलाई 2025)

दैनिक शुभ राशि

सोम	3- 5- 7 - 9	35-53-39-93-59-95
मंगल	4- 5 - 7 - 8	45-54-48-84-58-85
बुध	3- 4 - 9 - 0	34-43-30-03-90-09
गुरू	2- 5 - 8 - 0	50-05-80-08-38-83
शुक्र	1- 5 - 7 - 9	57-75-59-95-79-97
शनि	2 - 3 - 8- 9	89-98-23-32-29-92

अंकों का बादशाह -5 सप्ताह में अचूक 1 - 2 - 6 - 7

सप्ताह का वरदान -9 स्पेशल - 14- 59 -68 -78

सप्ताह में देखे

(1) 11 - 12 - 16 - 17 (6) 61 - 62 - 66- 67
(2) 21 - 22 - 26 - 27 (7) 71 - 72 - 76 - 77
(3) 31 - 32 - 36 - 37 (8) 81 - 82 - 86 - 87
(4) 41 - 42 - 46 - 47 (9) 91 - 92 - 96 - 97
(5) 51 - 52 - 56 - 57 (10) 01 - 02 - 06 - 07

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

(कल्याण)	(नाइट बाजार)
07-42-48-33-72-34	07-10-52-60-13
53-81-81-48-31-64	41-45-18-29-04
06-14-02-15-89-75	98-43-25-10-87
81-88-88-41-48-77	73-59-19-46-86
44-85-28-72-36-13	28-83-76-23-71

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

गायत्री विद्यापीठ में डॉ. संतोष राय ने सिखाए वाणिज्य प्रबंधन के बेहतर गुर कॉमर्स क्लब का गठन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की ख्याति प्राप्तसंस्था गायत्री विद्यापीठ में कामर्स गुरू का मार्गदर्शन कक्षा 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियोंको दिया गया। उक्त आयोजन गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन जी कीगरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। व्याख्याता श्री प्रणव दवे, श्री सुनील गुप्ता एवंश्री तरणजीत सिंह टूटेजा के मार्गदर्शन में उक्त आयोजन विद्यार्थियों हेतु बेहद प्रभावीएवं महत्वपूर्ण रहा जिसमें आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। स्वागत सत्कारपवित्र मंत्रोच्चारण तिलक वंदन के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।शाला की व्याख्याता व मीडियाप्रभारी श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार डॉ.संतोष राय के सम्मान में शालाके विद्यार्थियों द्वारा कॉमर्स विषय की उपयोगिता पर शानदार नाटक एवं नृत्य प्रस्तुतकिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कॉमर्स के विद्यार्थीहमेशा दूरदृष्टि वाली सोच से परिपूर्ण होना चाहिए, हमेशा लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रितकरते हुए आगे बढ़े, कॉमर्स विषय आप सभी के लिए अनेक संभावनाएं लेकर आता है। विषय मेंडिग्री के पश्चात आप कभी बेरोजगार नहीं हो सकते हैं। यह विषय ऐसा है जहां आप रोजगारके अनेक अवसर प्राप्त कर सकते हैं, बस जरूरत है तो अपने

लक्ष्य के प्रति गंभीरता, त्याग,समर्पण एवं कठोर परिश्रम की। डॉ.राय द्वारा बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतुअनेक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए गए, साथ ही इस क्षेत्र में शंकाओं का समाधान, प्रश्नोत्तरीके माध्यम से किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने प्रसन्नता के साथ बढ़ढ़चढ़कर हिस्सालिया। वहीं कॉमर्स विभाग द्वारा कॉमर्स क्लब का गठन भी किया गया जिसमें प्रेसीडेंटइसीबीएसई से विनायक शर्मा, वाईस प्रेसीडेंट श्रेया शर्मा, सचिव रिषभ शर्मा, सहसचिव जानवीपटेल, सीजी बोर्ड से प्रेसीडेंट पायल पंसारी, वाईस प्रेसीडेंट अरमान जोया, सचिव सोहनजाना, सहसचिव याना सरोरे सर्वसम्मित से चुने गए। सभी का बैच लगाकर सम्मान किया गया।अंत में डॉ.राय का सम्मानपूज्य गुरूदेव का साहित्य, श्रीफ्त व शॉल भेंट कर किया गया।

आभार प्रदर्शन व्याख्याताश्री सुनील गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं वीडियाग्राफी शाला केशिक्षक आंजनेय शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमतीसंध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्षसूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीशगोधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमतीशैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदनाडुंभरे, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओंद्वारा शुभकामनाएं दी गई।

ज्ञान मंथन

1) हिमाचल प्रदेश द्वारा हाल ही में नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के लिए शुरू की गई पहल का नाम क्या है?

2) वांग ए 6 मिशन किस देश से संबंधित है?

3) कालिदास द्वारा रचित महाकाव्य कुमारसंभव में कुमार कौन हैं?

4) हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने ग्लेशियर संरक्षण के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में किस वर्ष को घोषित किया है?

5) नोट्रे-डेम कैथेड्रल किस देश में स्थित है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)



उत्तर माला

(1) संकल्प (2) चीन (3) कार्तिकेय
(4) 2025 (5) फ्रांस

सर्वसम्मति से प्रियंक सोनीको बुंदेलखंडी सोनी समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। कल दिनांक 19 जुलाई को बुंदेलखंडी सोनी समाज की बैठक समाज के डोंगरगांव के वरिष्ठ सदस्यों की मेजबानी में रखी गई ,, डोंगरगांव की ओर से श्री अतुल सोनी जी ने सभी अतिथियों को मंच पर आमंत्रित किया सर्वप्रथम,नव मनोनीत अध्यक्ष श्री प्रियंक सोनी का सम्मान किया गया श्री प्रियंक सोनी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जो इस प्रकार है,,,,,, उन्होंने समाज के एकता और उत्थान के लिए अपने विचारों में बल दिया,, उन्होंने ,,,,,,,,, इस अवसर पर बुंदेलखंडी सोनी पंचायत प्रमुख के नाम की भी घोषणा भी की गई जो इस प्रकार है,,,,, डोंगरगांव के सदस्यों द्वारा पंचायत प्रमुखों का सम्मान किया गया डोंगरगांव सामाजिक बैठक आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री,,,,, अपने विचार रखें बुंदेलखंडी सोनी समाज के सभी सदस्यों को डोंगरगांव में मीटिंग रखने हेतु धन्यवाद दिया,, समाज की ओर से डोंगरगांव की सभी सदस्यों को खूबसूरत और गरिमा मेंआयोजन हेतु धन्यवाद दिया उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी श्री राजेश सोनी (कन्हैया) ने दी बुन्देलखण्ड स्वर्णकार समाज के नई कार्यकारिणी(2025)सदस्य सूची

बुंदेलखण्ड सोनी पंचायत प्रमुख, श्री भोला नाथ जी सोनी, श्री गोविंद प्रसाद जी सोनी, श्री डॉ.रमेश कुमार जी सोनी, श्री ईश्वरचंद जी सोनी, श्री राजेश सोनी जी (उपहार ज्वेलर्स), संरक्षक मंडल, श्री प्रकाशचंद जी सोनी (डोंगरगाँव), श्री लीलाधर जी बड़ोनिया, श्री नंदकिशोर जी सोनी, श्री वृंदावन जी सोनी (डोंगरगाँव), श्री राजेश सोनी, श्री मोहन लाल सोनी जी (दक्षी वाले), श्री राजेश सोनी जी (दिन दयाल कॉलोनी), श्री जवाहर लाल सोनी जी, **कार्यकारिणी:**- अध्यक्ष - श्री प्रियंक जगदीश प्रसाद जी सोनी, उपाध्यक्ष- श्री संजय सोनी जी (ब्लू डायमंड सिटी), सह उपाध्यक्ष- श्री उमाशंकर सोनी जी, सचिव- श्री विकास सोनी जी, सह सचिव- श्री विजय कुमार सोनी जी, कोषाध्यक्ष- श्री विपुल सोनी जी, सह कोषाध्यक्ष-श्री जयनारायण सोनी जी, मीडिया प्रभारी- श्री राजेश कुमार सोनी जी (कन्हैया), सह मीडिया प्रभारी- श्री मनीष कुमार सोनी जी, कार्यक्रम प्रभारी- श्री शुभम सोनी जी, सह कार्यक्रम प्रभारी- श्री सुमित सोनी जी, संस्कृतिक सचिव- श्री अतुल सोनी जी, सह संस्कृतिक सचिव- श्री हिमांशु सोनी जी एवं अनुभव आलोक सोनी, कार्यकारिणी सदस्य, श्री रविन्द्र सोनी जी (डोंगरगाँव), श्री राजीव सोनी जी (डोंगरगाँव), श्री अरविंद सोनी जी (डोंगरगाँव), श्री अनुज सोनी जी, श्री प्रीतेश सोनी जी, श्री विजय सोनी जी (चौखडिया पारा), श्री मोतीलाल सोनी जी, श्री दिनेश सोनी जी, श्री अमित सोनी जी (रायपुर), श्री सूरज सोनी जी (रायपुर), श्री योगेश सोनी जी (मोहारा), श्री प्रणय सोनी जी (चीकू), श्री हरिवंश सोनी जी (लड्डू) अंकित सोनी।

तृतीय वर्ष नर्मदेश्वर महादेव भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सोमवार को अर्जुनी में पैरी ,झिटिया, सुखरी, सिंगारपुर,मेढा,रातापयली, के सयुक्त तत्त्वाधान में तृतीय वर्ष नर्मदेश्वर महादेव भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी, यात्रा में भक्त अपने अपने मंदिर से कावड़ ले कर सम्पूर्ण अर्जुनी भ्रमण करते हुए शिवनाथ नदी अर्जुनी से जल ले कर के अपने अपने मंदिर पर जल अर्पित करेगे , अत: सभी भक्त अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति प्रकट कर के इस पुण्य कार्य का लाभ लेंवे... उक्त जानकारी कार्यक्रम संजोजक एवम् भाजपा मंडल अर्जुनी मिडिया प्रभारी दुर्गेश सिन्हा जी के द्वारा दिया गया ह।

धान की अधिक पैदावार के लिए किसान उर्वरकों के साथ लिक्विड नैनो यूरिया का करें उपयोग

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कृषि विभाग द्वारा किसानों को धान की अधिक पैदावार के लिए उर्वरकों के साथ लिक्विड यूरिया का उपयोग करने की सलाह दी गई है। किसान धान के कंशे बनने की अवस्था में यूरिया की बोरी का उपयोग न करते हुए तरल रूप में उपलब्ध नैनो यूरिया का एक बॉटल का उपयोग प्रभावी रूप से पत्तियों पर कर सकते है, जो बोरी यूरिया वाले यूरिया से ज्यादा कारगर व पौधों की पत्तियों में सीधा चिपकर नत्रजन की पूर्ति करता है। इससे पौधों के 80 प्रतिशत तक उपयोग क्षमता में बढ़ोतरी होती है। नैनो यूरिया के छिड़काव के लिए 1 लीटर पानी में 2-4 मि. लीटर नैनो यूरिया (4 प्रतिशत नत्रजन) मिलाएं और फसल में सक्रिय विकास के चरणों में पत्तियों पर छिड़काव करें। सामान्य तौर पर एक एकड़ क्षेत्र में नेमसेक स्प्रेयर, बूम या पॉवर स्प्रेयर अथवा ड्रोन सहित अन्य माध्यम से छिड़काव करने के लिए 500 एमएल मात्रा पर्याप्त होती है। सर्वोत्तम परिणाम के लिए 2 पत्तेदार छिड़काव करें। पहला छिड़काव सक्रिय टिलरिंग व ब्रॉचिंग अवस्था में अंकुरण के 30-35 दिन बाद या रोपाई के 20-25 दिन बाद एवं दूसरा छिड़काव पहले के 20-25 दिन बाद या फसल में फूल पहले। जिले में खरीफ धान की बुवाई मानसून के आगमन के साथ ही शुरू हो गई है। खेत की तैयारी के साथ-साथ समय पर बीज भंडारण होने से किसानों द्वारा इसका उठाव कर जिले में अब तक 1 लाख 54 हजार 494 हेक्टेर में धान की बुवाई का कार्य सम्पन्न हो चुका है। शासन द्वारा लगातार यूरिया, डीएपी एवं पोटाश की मांग अनुसार भंडारण समितियों में किया जा रहा है। जिले में अब तक सहकारी समितियों में 35538 मीट्रिक टन खाद भंडारण कर 32717 मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। इसके साथ ही जिले में लगातार यूरिया, डीएपी की रेक लग रही है, जिसे तत्काल सभी समितियों में भंडारण कराया जा रहा है। धान की खेती में मुख्यत: तीन प्रकार के पोषक तत्व नाईट्रोजन, फास्फेरस तथा पोटाश का उपयोग बीज बुवाई से लेकर कंशे से लेकर गभोट अवस्था तक किया जाता है।

योगेश्वर दिलीप सिंह राजपूत कवर्धा परिक्षेत्र अध्यक्ष के नेतृत्व मे परिक्षेत्रीय स्तर का प्रतिभा सम्मान

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)। शानदार सम्पन्न 19जुलाई 25शौर्य भवन ठाकुर पारा कवर्धा मे जिसमे राजपूत क्षत्रिय समाज 3738को ओर से उपमुख्यमंत्री मान. विजय शर्मा जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया जिसमे 10वी 12वी के मेधावी क्षात्र क्षत्राओं का सम्मान, समाज के शा. अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत के सम्मान नई शा. अधिकारी जो समाज के लगे है, नवनिर्वाचित पंच सरपंच पार्षद, राज्य राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खेल परिभागिओ का सम्मान उच्च पदों प्रमोशन पाने वाले का सम्मान, उन्नत कृषक का सम्मान उन्नत व्यवसायी का सम्मान समाज सेवी का सम्मान वरिष्ठ जनो का सम्मान समाज की ओर से किया गयाआभार धन्यवाद राजपूत क्षत्रिय समाज पंजी 3738 कवर्धा परिक्षेत्र के प्रतिभा सम्मान भव्य सफल कार्यक्रम सानंद संपन्न मुख्य अतिथि मान. विजय शर्मा जी उपमुख्यमंत्री के समस्त समाज की ओर से आभार धन्यवाद केंद्रीय अध्यक्ष दारा सिँह जी , तोप सिंह जी,लखन सिंह जी,जलेश्वर सिँह जी,महेश सिँह जी अशोक सिँह पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष अजय सिँह जी अशोक सिँहनरेन्द्र सिँह जी मिडियासरकंडा सहित समस्त केंद्रीय टीम का आभार धन्यवाद चारो क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज सिँह जी नर्मदा सिँह जी बिहारी सिँह जी रामशरण सिँह जी सहित सबका आभार धन्यवाद समस्त राजपूत क्षत्रिय समाज कवर्धा इकाई के साथ विशेष सहयोग मेहनत करने वाले हमारे नगर अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह जी, नारायण सिँह जी, दुर्गेश सिंह जी,संतोष सिँहजी, रवि सिंह जी, अजय सिँह जी मोहन सिंह जी सोनू सिँह जी, देवा सिंह गुड्डु सिंह जी, कल्याण सिंह जी, रामसिंह जी, सहित सिंह नवयुवक मण्डल के सभी युवा साथी का आभार धन्यवाद समस्त ग्राम प्रमुख प्रतिनिधि सामाजिक बंधु का और सब ग्राम प्रमुख जो मेहनत करके सूची उपलब्ध कराये सबको सुचना देकर साथ लाये सबका आभार धन्यवाद ।

गायत्री विद्यापीठ में तिरंदाजी में शानदार प्रदर्शन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ द्वारा जोनल स्तर पर पश्चिम बंगाल कोलकाता में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया गया। शाला के क्रीडा अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं से आराध्य चौधरी, कक्षा 6वीं से धान्या सिन्हा एवं आराध्या साहू द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। जिनकी कोच शाला की क्रीडा शिक्षिका अंजली यादव थीं जिन्होंने अपने मार्गदर्शन में बच्चों को इस प्रतियोगिता हेतु प्रशिक्षित किया था। तीरंदाजी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु गायत्री शिक्षण समिति अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह ट्टेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

बिलासपुर में आयोजित प्रांतीय विचार वर्ग कार्यशाला में राजनांदगांव टीम का रहा शानदार प्रदर्शन

स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने दिया देशी उत्पादों के उपयोग पर जोर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्वदेशी जागरण मंच की प्रांतीय विचार वर्ग कार्यशाला का आयोजन 12-13 जुलाई को बिलासपुर स्थित झुलेलाल मंगलम भवन, तिफरा में किया गया। दो दिवसीय इस विचार शिविर में राजनांदगांव जिले की टीम ने प्रभावशाली भागीदारी निभाते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। छत्तीसगढ़ के सभी संभागों व जिलों से आए कार्यकर्ताओं में राजनांदगांव की टीम सबसे सक्रिय व अनुशासित नजर आई।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में स्वदेशी जागरण मंच के संरक्षक सतीश कुमार (हरियाणा) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मंच के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और स्वदेशी की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि विदेशी उत्पादों पर हमारी निर्भरता देश की आत्मनिर्भरता के लिए खतरा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की। उन्होंने मंच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी आंदोलन केवल एक विचार नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की नींव है।

प्रशिक्षण वर्ग में मंच के वरिष्ठ प्रांतीय वक्ताओं और पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को स्वदेशी की मूल भावना, आर्थिक दृष्टिकोण और सामाजिक प्रभाव की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि विदेशी वस्तुओं का अंधाधुंध उपयोग भारत को आत्मनिर्भर बनने से रोकता है, अत: सभी कार्यकर्ताओं को जनमानस को जागरूक करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। राजनांदगांव जिले से जिला संयोजक एडवोकेट राजकुमार शर्मा, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, राकेश दुबे, भगवान झा, अनिमेष रॉय, श्री गुप्ता, सुनील बाजपेई, हकीम खान, सीएस शर्मा, दिग्विजय मिश्रा सहित कई सदस्य शामिल हुए। महिला प्रतिनिधियों में सुधा पवार, संगीता शुक्ला, फातिमा सोलंकी, आयुषी, प्रतिभा साहू, कमलेश्वरी साहू, जमुना साहू, मंजू साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कार्यशाला के दौरान राजनांदगांव टीम की सक्रिय भागीदारी, अनुशासन और सजगता की सभी ने सराहना की। कार्यशाला की जानकारी अनिमेष रॉय ने साझा करते हुए बताया कि सभी प्रतिभागियों ने अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी वस्तुओं से दूरी बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल भाषण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जनजागरण और व्यवहारिक परिवर्तन के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि आने वाला समय स्वदेशी का है, और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

धर्म समाचार....

ऊँ नमः शिवाय मंत्र शिवजी को सबसे प्रिय हैं ये मंत्र

जिस प्रकार शिवजी के सहस्र नाम हैं उसी तरह उनके अनगिनत धाम हैं। भले ही बाबा के अनेक धाम हैं लेकिन वह तो कण-कण में विद्यमान हैं, तभी तो कहा गया है कंकर कंकर में शंकर। और ऐसे भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए एक लोटा जल ही काफी है, इसलिए कहते हैं हर समस्या का हल, एक लोटा जल। भोलेनाथ को जल चढ़ाते हुए सिर्फ एक मंत्र ही काफी है जिसे महामंत्र कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह महामंत्र है शिवजी का पंचाक्षर मंत्र ऊँ नमः शिवाय। इसे इतना शक्तिशाली क्यों माना गया है, इसकी उत्पत्ति कैसे हुई और इसके जप के क्या फायदे हैं। आइये की कथा से जानते हैं।

पंचाक्षर मंत्र की उत्पत्ति की कहानी :

शिव पुराण के अनुसार, ब्रह्माजी और भगवान विष्णु शिवजी से पूछते हैं कि सृष्टि के पांच लक्षण क्या हैं। हमें बताइये। इस पर भोलेबाबा कहते हैं, मेरे कर्तव्यों को गहराई से समझिएगा। जगत में मेरे पांच काम हैं- सृष्टि, पालन, संहार, तिरोभाव, और अनुग्रह। संसार की रचना का आरंभ सृष्टि है तो उसका सुस्थिर रहना पालन है। इसका विनाश संहार है और प्राणों का उत्क्रमण तिरोभाव है और जब सबसे छुटकारा मिल जाता है तो वह अनुग्रह यानी मोक्ष है। शिवजी बताते हैं सृष्टि धरती पर, स्थिति जल में, संहार अग्नि में, तिरोभाव वायु में और अनुग्रह आकाश में है। इन पांचों कृत्यों का भार वहन करने के लिए मेरे पांच मुँह हैं।

ऊँ की उत्पत्ति कैसे हुई :

शिवजी बताते हैं कि चार दिशाओं में उनके चार मुख हैं और बीच में पांचवां मुख हैं। आपने मेरी तपस्या करके मुझे प्रसन्न किया है और सृष्टि और पालन पाए हैं। विभूतिस्वरूप महेश्वर और रुद्र ने संहार और तिरोभाव का कार्य मुझसे प्राप्त किया है लेकिन मोक्ष मैं खुद देता हूं। मैंने पूर्व में अपने स्वरूप भूत मंत्र का उपदेश दिया जो ओंकार स्वरूप है। यह मंगलकारी ओंकार मंत्र ? मेरे मुख से सबसे पहले प्रकट हुआ है। यह मेरे स्वरूप को बताता है। और इसका लगातार जप करने वाले से मेरा ही हमेशा के लिए स्मरण होता है।

पंचाक्षर मंत्र कैसे बना :

शिवजी आगे बताते हैं कि मेरे उत्तरवर्ती मुख से अकार, पश्चिम मुख से उकार, दक्षिण मुख से मकार, पूर्ववर्ती मुख से बिंदु का और मध्यवर्ती मुख से नाद का प्राकट्य हुआ है। इन पांच अवयव से ओंकार का विस्तार हुआ है और एकाकार होने पर ? की उत्पत्ति हुई है और इस संसार में सभी स्त्री और पुरुष इस प्रणव मंत्र में व्याप्त हैं। और इसी से शिव-शक्ति के बोधक पंचाक्षर मंत्र ? नमः शिवाय की उत्पत्ति हुई है जो शिवजी के साकार रूप का बोधक है।

पंचाक्षर मंत्र के जप के लाभ :

पंचाक्षर मंत्र ऊँ नमः शिवाय का जप करने के करोड़ों फायदे गिनाए गए हैं। शिवजी की प्रिय तिथि चतुर्दशी है। इस दिन शिव पूजन और पंचाक्षर मंत्र का जप करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। शिवलिंग के पूजन के दौरान भी पंचाक्षर मंत्र का पूजन करना चाहिए। शिव पंचाक्षर मंत्र के जप से मानसिक शांति मिलती है। शिवजी की कृपा प्राप्त होती है। इसके जप से इंद्रियां जाग उठती हैं। माना जाता है कि पंचाक्षर मंत्र के जप से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और पापों का नाश होता है।

भक्तों के भाव से प्रसन्न होते हैं देवों के देव महादेव

भगवान शिव शक्ति का स्वरूप हैं। शिव में सनातन संस्कृति का दर्शन समाहित है। शिव चेतना की समस्त अवस्थाएं (जागृत, निंद्रा व स्वप्न) से ऊपर हैं। इनकी चेतना की अवस्था हीं समाधि है। जब व्यक्ति व जीव के अंदर ईश्वर देखने की इच्छा जाग्रत होती है तो वह समाधि लेता है।

समाधि की परम अवस्था को हीं शिवत्व कहते हैं। शिवलिंग की पूजा निराकार से साकार को प्राप्त करने का सशक्त माध्यम है। शिव को प्राप्त करने के लिए शिवलिंग की साधना की जाती है। शिवलिंग जल, पंचमहाभूत- पृथ्वी, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतीक है। वास्तव में शिव पूजन नहीं, बल्कि दर्शन के पर्याय हैं। इसी कारण वह सबसे अलग हैं। उन्हें वैद्यनाथ यानी चिकित्सा के गुरु, नटराज यानी नृत्य के गुरु, आदियोगी यानी योग के गुरु कहा जाता है। प्रभु श्रीराम के गुरु शिव हैं। रामेश्वरम् में स्वयं श्रीराम ने शिवलिंग स्थापित करके पूजन किया। इसके बाद लंका पर चढ़ाई की। शिव ओंकार भी हैं और संहारक भी। जिन भूत-प्रेत व पिशाचों को कोई अपने साथ नहीं रखना चाहता तथा सभी इनसे दूरी बनाते हैं। उन्हीं भुत-प्रेत व पिशाचों को भगवान शिव अपना गण बनाकर ससम्मान अपने साथ रखते हैं। भगवान शिव भोलेनाथ हैं जो भक्तों के केवल भाव से हीं प्रसन्न हो जाते हैं। समुद्र मंथन से विष निकलने पर जब चहुंओर हाहाकार मच गया, तब कंठ में विष धारण करके भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा की। जब परिस्थिति विपरीत होती है उस समय रौद्र रूप धारण करके भगवान शिव तांडव भी करते हैं। कम से कम श्रावण के पवित्र माह में हीं हर व्यक्ति को स्वयं के अंदर शिवत्व धारण करना चाहिए। नमः पार्वती पतये। हर हर महादेव।

योगेश कबूलपुरिया
वरिष्ठ पत्रकार, लेखक व सामाजिक विश्लेषक

nandgaon times JULAI-21-2.qxd 7/20/2025 10:30 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

अवैध उत्खनन में लिप्त मोहड़ के भोला की रेत सहित ट्रैक्टर जप्त

ड्राइवर के बयान से मचा हड़कप भाजयुमो नेता का नाम आया सामने, एसडीएम और तहसीलदार ने दिए बड़ी कार्यवाही के आदेश

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर पंचायत क्षेत्र के किल्लापारा शीतला मंदिर मार्ग घुमरिया नदी के साल्हे घाट में को राजस्व विभाग की टीम ने अवैध रेत उत्खनन व परिवहन में लगे ट्रैक्टर को नदी से जब्त किया है। राजस्व विभाग टीम ने पहली बार विभागीय तेवर दिखाते हुए अवैध रेत उत्खनन कर रहे ट्रेक्टर को रेत सहित जप्त कर आर आई और हल्का पटवारी ने रेत घाट स्थल की पूरी नपाई कर दी। राजस्व टीम ने लगभग 2 हजार वर्गमीटर अवैध रेत उत्खनन व परिवहन की पुष्टि कर जप्त कर एक टैक्टर को थाने की सुपुर्द कर दिया है ।

राजस्व विभाग के एसडीएम श्रीकांत कोराम निर्देशन में तहसीलदार पी एल नाग के मार्गदर्शन में आर आई भारत सिवना और हल्का पटवारी नीरज दिवेदी की टीम ने सुबह 10 बजे नगर पंचायत क्षेत्र के साल्हे घाट में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन की शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंच कर कार्यवाही करते हुए खदान में एक ट्रैक्टर को रेत सहित जब्त किया गया। वहीं ट्रैक्टर में 100 घन फिट रेत होने की पुष्टि की हुई है। इस दरम्यान ट्रैक्टर के ड्राईवर विश्वकर्मा द्वारा राजस्व टीम व मीडिया को बताया गया कि ट्रैक्टर मोहड़ निवासी भोला देवांगन की है। राजस्व विभाग टीम की पूछताछ में ड्राइवर द्वारा टैक्टर को डोंगरगांव नगर के किसी भाजयुमो के युवा पदाधिकारी द्वारा किराये में लाकर रेत निकासी कराये जाने की जानकारी दी गई। उपरांत खनन स्थल की भी नाप की गई। पटवारी के मुताबिक लगभग 40 बाई 65 वर्गमीटर एवं 2 मीटर

गहराई यानि 2 हजार वर्गमीटर से अधिक रेत उत्तखनन कर परिवहन की पुष्टि हुई है।

राजनैतिक हस्तक्षेप से हुई नपाई -

राजस्व विभाग की टीम ने विशेष दिशानिर्देश मिलने के बाद आखिरकार अवैध उत्खनन स्थल की भी नाप कर डाली। नगर में लंबे समय बाद रेत उत्खनन में वाहनों पर ही कार्रवाई की गई है, इस बार रेत उत्खनन में सत्ता पक्ष भाजयुमो के युवा पदाधिकारी से जुड़ा है। प्रशासनिक सूत्रों की माने तो डेढ़ वर्ष से सत्तापक्ष के मंडल स्तर के एक पूर्व पदाधिकारी द्वारा रेत मुरुम में अपना मोनोपल्ली चलाया जा रहा था, लेकिन इस बार उनकी अनदेखी होने से युवा पदाधिकारी के खदान की नपाई करा देने से राजनैतिक माहौल गरमा गया है

भाजयुमो युवा पदाधिकारी का है खेल -

सूत्रों के मुताबिक साल्हे घाट में डोंगरगांव भाजयुमो युवा के एक शीर्षस्थ पदाधिकारी लंबे समय से अवैध रेत उतखनन व परिवहन हेतु आसपास के गांवों से ट्रैक्टर किराए में लाकर रेत निकासी कराया जाता था। इन्हें स्थानीय नेता के संरक्षण की भी चर्चा है। बताया जाता कि रेत मुरुम के दीवाने एक पूर्व पदाधिकारी की अनदेखी युवा नेता को भारी पड़ गई

ट्रैक्टर जब्त कर -

खनन स्थल की नाप की गई। 2 हजार वर्ग मीटर खनन की पुष्टि हुई है। राजस्व विभाग द्वारा जल्द प्रतिवेदन सौपेंगे, एसडीएम और तहसीलदार ने नगर पंचायत क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर आगे भी कार्यवाही जारी रखने की बात कही है।

गुजराती स्कूल में ग्रीन डे का आयोजन, बच्चों को भगवद गीता का सार समझाया गया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर में 1957 से संचालित अग्रणी संस्था गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूल में ग्रीन

डे व बच्चों को भगवत गीता का सार श्रीमती रीटा बेन पटेल व श्रीमती रुखमणी बेन पटेल द्वारा समझाया गया। श्रीमती रीटा बेन पटेल ने गीता के 18 अध्याय 700 श्लोक के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विचार के सकारात्मक व नकारात्मक स्वरूपों को बच्चों को बताया। अर्जुन के लक्ष्यों को लेकर बच्चों को लक्ष्य के बारे मे समझाया। साथ ही श्रीमती रुखमणी पटेल ने बच्चों को कहानी सुनाकर गीता की शक्ति से अवगत कराया। च्ग्रीन डेज् पर नन्हें-नन्हें बच्चों ने प्रकृति के हरे रंग का अनेक वेशभूषाओं के माध्यम से वृक्षों के महत्व को समझाया। मंच का संचालन शिक्षक राजेन्द्र सोनी द्वारा किया गया। अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य पीयूष पटेल, अनिल पटेल व अन्य सदस्यगण, प्राचार्य सुषमा शुक्ला उपप्राचार्य अर्पणा श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं सहित शाला पालक समिति के सदस्यो ने बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ शाला में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

शिवनाथ नदी किनारे वृक्षारोपण किया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गौतम निषाद जन्मदिन मे वृक्षारोपण राजनांदगांव विकासखंड ग्राम पंचायत भंवरमरा के उप सरपंच गौतम निषाद के जन्मदिन के अवसर पर शिवनाथ नदी किनारे वृक्षारोपण किया गया जिसमें पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव सरपंच दिल्लू साहू कमलेश सोनकर टीकम निषाद महेश अतुल ने गौतम निषाद उपसरपंच के जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया।

भटके घायल चीतल को ग्रामीणों ने बचाया, वन विभाग को सौंपा

घनश्याम साव

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। थाना क्षेत्र के ग्राम आसरा में रविवार को खेत में भटककर आए एक घायल चीतल को ग्रामीणों ने बहादुरी से बचाया और वन विभाग को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि यह चीतल अपने झुंड से अलग होकर खेतों में भटक गया था, जिस पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। घटना की जानकारी सबसे पहले ग्रामीण लखन साहू को मिली, जिन्होंने

तुरंत अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद सरपंच शरद वैष्णव के मार्गदर्शन में छोटू जगाने, खुमान साहू, ओगेश्वर साहू, रामु निषाद, नरेंद्र, लक्ष्य, सुरेश सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुत्तों के हमले से चीतल को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल चीतल को इलाज के लिए गांव के साहू भवन में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वन विभाग राजनांदगांव उड़नदस्ता की टीम को सूचित कर चीतल को उनके सुपुर्द कर दिया गया। ग्रामीणों के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी की छात्रा निधि झुलेकर का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी की निधि झुलेकर पिता भोलाराम कक्षा 8 वी की होनहार छात्रा का प्रयास विद्यालय दुर्ग में चयन हुआ है। इसके अलावा राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृति के लिए भी चयन किया गया हैं। इसकी दोहरी सफ्लता के लिए शाला के

प्रधान पाठक बंशीलाल यादव, शिक्षिका श्रीमती शशिकला कठोलिया, श्रीमती चित्ररेखा वैष्णव, शिक्षक विष्णु शर्मा ने बधाई दी है। यह छात्रा शुरू से मेधावी रही है। शाला के इस उपलब्धि पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव आर एल पात्रे ने शाला के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में और अधिक मेहनत करके ज्यादा से ज्यादा बच्चों को इनका लाभ मिल सके।

सर्वजन, तीन पेड़ - माँ, भारत माँ एवं धरती माँ के नाम लगायें : द्विवेदी

राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)। देश-धरती में अतिलोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आह्वान्वित च्एक पेड़ माँ के नामज्ज् पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन अभिनव योजना का पूरजोर समर्थन करते हुए पर्यावरण विज्ञ विचारचिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक परिप्रेक्ष्य में अतिरिक्त जनआह्वान संदेश जारी

करते हुए कहा कि अत्यंत आवश्यक हो गया है कि प्रत्येक जन-जन एक नहीं, तीन पेड़ सर्वप्रथम-माँ के नाम से, द्वितीय - भारत माँ के नाम से एवं तृतीय - धरती माँ के नाम से अपने-अपने, घर-आँगन, खेत-खलिहान अथवा सार्वजनिक स्थलों, उद्यानों-बगीचों में प्रत्येक वर्ष लगाये। तभी हम पृथ्वी पर चतुर्दिक गहराते जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से निपट सकेंगे। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति परंपरा में सदा-सर्वदा से पेड़-पौधों-वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। विशेषकर फलदार वृक्ष तो साक्षात देव स्वरूप होते है। फलदार वृक्ष अपने एक जीवनकाल में मानव को लाखों रूपये के नि:शुल्क अनुदान स्वरूप भोजन-वस्त्र के उत्पादों सहित सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राण-वायु को सतत् रूप से प्रदान करते रहते हैं। साथ ही साथ सहज-सरल रूप में प्रमुख पर्यातत्वों-जल, मिट्टी, वायु, ताप तथा दाब को भी संतुलित रखते हुए प्रकृति चक्रों को जीवंत रखते हैं। यह उल्लेखनीय रूप से प्रमाणित सत्य है कि वन-वृक्ष नहीं तो वर्षा भी नहीं। और वर्षा नहीं तो सुजलां सुफलां धरती भी नहीं होगी। इसीलिए तीन-तीन वृक्षों का रोपण संरक्षण-संवर्धन प्रत्येक जन-जन को मन-प्राण से संकल्पित होकर करना ही चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी जी के नारे च्एक पेड़ माँ के नामच्च् को संपूर्ण मानव सभ्यता की रक्षा का श्रेष्ठ-सरल सूत्र-संकेत मानकर और अपनी ओर से रचनात्मक सोच के साथ एक नहीं तीन-तीन पेड़ लगाने के लिए प्रतिवर्ष वर्षाकाल में परम पावन पहल करना चाहिए। हमारे देश-धरती में एक प्राचीन कहावत प्रचलित रही हैं च्सर साठे रूख रहे तो भी सस्ती जाणच्च् अर्थात सिर कटवाकर भी वृक्षों की रक्षा हो सके तो इसे फायदे का सौदा ही समझिए।

भर्रेगांव में समाज प्रमुखों, पंचायत परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने सराहनीय प्रयास

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम भर्रेगांव में शराब बिक्री जोरो से चल रहा था. शराब कोचीयो का बल्ले बल्ले था। यह ग्राम भर्रेगांव पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा स्पीकर, राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

स्व.चंदूलाल चंद्राकर के गृह ग्राम भर्रेगांव में अवैध शराब बिक्री के कारण गांव के छोटे-छोटे बच्चे भी शराब के नशे के लत में डूबते जा रहे थे जिसको देखते हुए ग्रामीण जनों एवं पंचायत एवं समाज प्रमुखों ने शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए और गांव में शांतिपूर्ण माहौल के लिए कड़े कदम उठाते हुए बेचने वालों को सख्त कार्रवाई एवं समाज से बहिष्कृत करने,समाज प्रमुखो के

आह्वान पर और पंचायत परिवार एवं ग्रामवासियों की तत्परता से बीते कुछ दिनों से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने भरपूर प्रयास कर रही है। ग्राम भर्रेगांव मे शराब बेचने वालों को दंडित एवं अर्थदंड से दंडित किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि भर्रेगांव में शराब बेचने वाले से 31000 रुपया और बताने वाले को 10,000 रुपए इनाम दिया जाएगा और जिस समाज का व्यक्ति को पकड़ा है उसे समाज के लोगों को 10,000 की राशि दी जाएगी और लगभग 10000 की राशि पंचायत परिवार में जमा रहेगी।

आदर्श ग्राम सुरगी, ग्राम सिंघोला में भी शराब बिक्री जोरों पर

राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम सुरगी, राजाराम फैक्ट्री के सामने मुख्य मार्ग ढाबा, बाबा महाकाल और मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ ग्राम सिंघोला में भी जोर-शोर से शराब बिक्री होती रहती है। और खुलेआम शराब बेचने का कार्य को अंजाम दिया जाता है क्यों ऐसे लोगों पर जिम्मेदार लोग क्यों करवाई नहीं करवाते, कार्रवाई नहीं होने के कारण शराब कोचिंयो उनके हौसले दिन-ब-दिन बढ़ती ही जाती रहती है।

दक्षिण अफ्रीका से आए विशेषज्ञ ने पटरी पार के हॉकी खिलाड़ियों को दिए खेल प्रबंधन के आधुनिक टिप्स

रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यशाला में खिलाड़ियों को करियर, ब्रांडिंग, स्पॉन्सरशिप और साइंटिफिक ट्रेनिंग की दी गई जानकारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पटरी पार क्षेत्र के उभरते हॉकी खिलाड़ियों को वैश्विक खेल दृष्टिकोण से अवगत कराने हेतु रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दक्षिण अफ्रीका से आए प्रसिद्ध मैनेजमेंट विशेषज्ञ आशुतोष झा ने खिलाड़ियों को खेल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों की जानकारी दी।

इस कार्यशाला में खिलाड़ियों को न केवल खेल प्रदर्शन को निखारने बल्कि करियर प्लानिंग, टाइम मैनेजमेंट, अनुशासन, ब्रांडिंग, स्पोर्ट्स ऑफिशियल करियर गाइडेंस, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और प्रायोजन (स्पॉन्सरशिप) जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक टिप्स दिए गए।

विशेषज्ञ आशुतोष झा ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा, च्आपका खेल जितना मजबूत है, उतना ही ज़रूरी है कि आप अपने करियर को एक प्रोफेशनल की तरह मैनेज करें। सही मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और समय प्रबंधन आपके सफर को आसान बना सकते हैं। खिलाड़ियों ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर सत्र में अपनी जिज्ञासाएँ भी खुलकर रखीं। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एन आई एस हॉकी कोच मृणाल चौबे ने कार्यशाला के विशेषज्ञ को चीखली स्कूल मैदान में चल रहे खेल, शिक्षा और अनुशासन आधारित जनजागरूकता अभियान से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से अब तक 250 से अधिक बच्चों को हॉकी मैदान से जोड़ा गया है। विशेषज्ञ आशुतोष झा द्वारा खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक एवं बॉल भी वितरित किए गए। वरिष्ठ पार्षद श्री सुनील साहू ने कहा, च्इस तरह की कार्यशालाएं खिलाड़ियों की सोच का दायरा बढ़ाती हैं। केवल खेलना ही नहीं, खेल से जुड़े हर पहलू को समझना आज की ज़रूरत है। कैलाश धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष खुमान वर्मा ने इसे रुद्राक्षम् वेलफेयर

सोसाइटी द्वारा युवा प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय दृष्टिकोण से परिचित कराने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। इस अवसर पर समाजसेवी ललित नायडू, कैलाश धाम मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश डेकाटे, राजेश साहू, संदीप यादव, भागवत निषाद, आशुतोष लारिया, निकेश रामटेके, चंदा साहू, संतोष राजपूत, खिलेश्वर सिन्हा, रामदास यादव, सहित अनेक खिलाड़ियों के पालकगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है

योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 94255554092

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com